भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1739
01 अगस्त, 2024 को उत्तर देने के लिए

अपंजीकृत खाद्य प्रसंस्करण उद्यम

1739. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन के 73वें दौर के सर्वेक्षण के अनुसार, देश में 25 लाख अपंजीकृत/असंगठित खाद्य प्रसंस्करण उद्यम हैं;

(ख) क्या इस संबंध में 73वें दौर के बाद कोई सर्वेक्षण किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि आंध्र प्रदेश में देश में सबसे अधिक अपंजीकृत खाद्य प्रसंस्करण उद्यम हैं, जिनकी संख्या 1.5 लाख से अधिक है;

(घ) यदि हां, तो नेल्लोर जिले सहित जिला-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना सहित विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए अपंजीकृत खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को स्वयं को पंजीकृत कराने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रवनीत सिंह)

(क): राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन के 73वें दौर (जुलाई 2015 - जून 2016) के अनुसार देश में अपंजीकृत/असंगठित खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की संख्या 24,59,929 है।

(ख): एनएसएसओ के 73 वें दौर के बाद, वर्ष 2021-22 और 2022-23 के दौरान दो और सर्वेक्षण अर्थात असंगठित क्षेत्र उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई) आयोजित किए गए।

(ग): जी नहीं। देश में सबसे अधिक अपंजीकृत खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उत्तर प्रदेश में हैं, जहां 3,50,883 इकाइयां हैं, जबकि आंध्र प्रदेश में 1,54,330 इकाइयां हैं।

(घ): भाग **(ग)** के उत्तर के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

(ङ): खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) खाद्य प्रसंस्करण में निवेश को प्रोत्साहित करने और प्रिंट/ऑडियो-विजुअल मीडिया, विज्ञापनों और प्रचार सामग्री के माध्यम से एमओएफपीआई द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए अखिल भारतीय स्तर के सेमिनार, कार्यशालाएं, मेले और प्रदर्शनियों का आयोजन, सह-प्रायोजन और भागीदारी करता है। इसके अलावा, एमओएफपीआई खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र और संबद्ध गतिविधियों के विभिन्न पहलुओं का आकलन, मूल्यांकन करने के लिए अध्ययन/सर्वेक्षण, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का प्रचार करने के लिए रोड शो, सॉफ्टवेयर का विकास और निवेशक सुविधा गतिविधियों का आयोजन करता है।

*****